# पाठ - 18
# ऐसे भी होते हैं घर

## ऐसे भी होते हैं घर

**Q1. भूपेन के यहाँ, घर बाँस के खंभों पर क्यों बनाते हैं?**

**उत्तर :** भूपेन असम में रहता है। असम में बहुत बारिश होती है। इसलिये घरों को बाँस के खंभों पर बनाया जाता है, वे जमीन से काफी ऊँची रहे।

**Q2. इन मकानों की छतें कैसी हैं? इन्हें ऐसा क्यों बनाया जाता है?**

**उत्तर :** इन मकानों की छतें ढलान वाली होती हैं। इससे छतों पर बारिश का पानी नहीं इकट्ठा हो पाता है।

**Q3. इन मकानों में अंदर जाने का क्या तरीका है?**

**उत्तर :** इन मकानों में अंदर जाने के लिए लोग बॉस की सीढ़ियों का इस्तेमाल करते हैं।

**Q4. रात के समय इन मकानों की सीढ़ी हटा देते हैं। क्यों?**

**उत्तर :** ताकि कोई जानवर घर में न घुस जाये।

**Q5. बहुमंजिले मकानों के ऊपर कैसे चढ़ते होंगे?**

**उत्तर :** बहुमंजिले मकानों के ऊपर चढ़ने के लिए लिफ्ट का इस्तेमाल किया जाता है।

**Q6. हाउस बोट दूसरे घरों से अलग है। कैसे?**

**उत्तर :** हाउस बोट तैरते रहते हैं, जबकि दूसरे घर एक जगह स्थिर रहते हैं।

**Q7. क्या तुम ऐसे घर में रहना पसंद करोगे? क्यों?**

**उत्तर :** हाँ, मैं ऐसे घर में रहना पसंद करूंगा। क्योंकि मुझे नाव की सवारी करना और मछलियाँ पकड़ने में मजा आता है।

**Q8. चित्र देखकर मिलान करो।**

**उत्तर :**

| | |
|---|---|
|  | बर्फ का घर |

| | |
|---|---|
|  | हाउस बोट |
|  | बहुमंजिला मकान |
|  | तंबू |
|  | झोंपड़ी |

**Q9. तुम्हारा घर किन-किन चीजों से बना है। उनके नाम पर (/) का निशान लगाओ।**

**उत्तर :**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घास | ........... | मिट्टी | ........... | लकड़ी | ✓ | सीमेंट | ✓ |
| केनवास | ........... | लोहा | ✓ | प्लास्टिक | ........... | चूना | ✓ |
| बाँस | ........... | ईंटें | ✓ | काँच | ✓ | पत्थर | ✓ |

**Q10. अपने घर के आस-पास के मकानों को देखो। वे किन-किन चीजों से बने हैं? उन चीजों की सूची बनाओ।**

**उत्तर :** ईट, सीमेंट, बालु, लोहा, ग्लास, पत्थर, लकड़ी, मिट्टी।

**Q11. मकान जिन चीजों से बनते हैं, उन चीजों के नमूनों को इकट्ठा करो।**

**उत्तर :** स्वयं करो।

**Q12. कई तरह के घरों के चित्र इकट्टे करो या उनके चित्र बनाओ। चित्रों से एक सुंदर चार्ट बनाओ। कक्षा में उसे सजाओ।**

**उत्तर :** स्वयं करो।

## अब आई चमेली की बारी

**Q1. चमेली का घर किस इलाके में है?**

**उत्तर :** चमेली, का घर मनाली में है, जो एक पहाड़ी इलाका है।

**Q2. चमेली और भूपेन के मकानों की छतों में क्या समानता है?**

**उत्तर :** दोनों की छतें ढलान वाली हैं।

**Q3. ऐसी छतें इन इलाकों में कैसे मदद करती हैं?**

**उत्तर :** ऐसी छतों पर बारिश का पानी या बर्फ जमा नहीं हो पाता है।